तापमान

अधिकतम 46.2 डिग्री
न्यूनतम 26.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 11 जून, 2025



6 करोड़ से बनने वाले डिस्पोजल प्लांट का निर्माण शुरू 12





एसडीएम ने किया दो अनाजमंडियों का मुआयना 12




## खबर संक्षेप

### लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** बिहटा के यशपाल ने 9 पुलिस में शिकायत दी थी कि वह बैंक ऑफ बड़ौदा से पैसे निकलवाने के लिए गया था। पैसे निकलवाकर वह बैंक से निकलकर बस स्टैंड साहा की तरफ जाने लगा। कुछ समय बाद पीछे से एक लड़का आया और उससे मारपीट कर उसे नीचे गिरा दिया तथा उससे जबरदस्ती 20 हजार रूपये लूट कर भाग गए। शोर मचाने के बाद लोगों ने उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान 20 हजार की राशि जब्त कर ली।

### हेरोइन तस्करी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र खेल स्टेडियम के पास से नशा तस्करी मामले में एंटी नारकोटिक सैल ने सूचना के आधार आरोपी रजत उर्फ गज्जन को 11 ग्राम 50 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से नशीला पदार्थ जब्त किया गया।

### स्नेचिंग के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में आरोपी जोनी व हिमांशु उर्फ कालू को गिरफ्तार किया है। परिवादी वरूण ने 6 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 जून 2025 को वह कालका चौक बस से उतरकर फोन पर बातचीत करता हुआ अपने ऑफिस पैदल जा रहा था उसी दौरान पीछे से स्कूटी सवार दो आरोपियों ने उसका मोबाइल छीन लिया था। अब पुलिस ने दोनों आरोपियों को एक्टिवा सहित गिरफ्तार कर मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

### हत्यारोपी पिता और पुत्र चार दिन के रिमांड पर

**इसराना।** पानीपत के गांव छिछड़ाना में जमीन के विवाद में चल रही पंचायत में युवक सुनील की चाकू से गोदकर हत्या व अनिल पर जानलेवा हमला करने मामले में पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र को सोमवार देर शाम को गिरफ्तार कर लिया। सीआईए वन पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को रिफाइनरी रोड पर फ्लाई ओवर पूल के पास से गिरफ्तार किया। जिन्हे आज अदालत में पेशकर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

### कार की टक्कर लगने से युवक की मौत

**पानीपत।** पानीपत में रिफाइनरी मोड के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार सौरभ पुत्र संजय निवासी गांव सिंहपुरा जिला करनाल, मूल निवासी मथुरा, उत्तर प्रदेश को टक्कर मार दी। हादसे में सौरभ की मौत हो गई। इधर, मतलौडा थाना पुलिस ने मृतक के पिता संजय की शिकायत पर कार के चाक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद सौरभ का शव उसके परिजनों को सौंप कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### युवक ने नहर में कूदकर दी जान, शव बरामद

**यमुनानगर।** बूड़िया पश्चिमी यमुना नहर में एक व्यक्ति ने कूदकर आत्महत्या कर ली। उसकी एक्टिवा व मोबाइल नहर किनारे खड़ी मिली। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से व्यक्ति के शव को बरामद कर लिया। व्यक्ति ने खुदकुशी क्यों की इसका अभी कुछ भी पता नहीं चल पाया है। बूड़िया निवासी रिंकू रानी ने बताया उसका पति रोहताश प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था। वह सुबह घर से काम पर गया था। वह दोपहर को वापस घर नहीं आया। उसने जब रोहताश के मोबाइल पर कॉल की तो उसका फोन बंद आया। इस दौरान पुलिस को बूड़िया के पास रोहताश की एक्टिवा व मोबाइल पश्चिमी यमुना नहर के किनारे खड़ी मिली।

### पानीपत में माइनिंग विभाग के प्रमुख का 13 को जलाएंगे पुतला : सुरेंद्र सांगवान

# माइनिंग अधिकारी का किराया देने वाला पत्र किसानों ने किया खारिज

### बोले, नहीं चाहिए हमें अपनी काश्त भूमि का किराया

■ काश्त भूमि मेक्स माइनिंग कंपनी के हवाले करने के प्रयास का विरोध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मुस्तफाबाद गांव के मामले में माइनिंग अधिकारी की ओर से मैसर्ज मेक्स माइनिंग कंपनी को किसानों के खातों में एक लाख रुपये की राशि प्रति एकड़ की दर से बतौर भूमि किराया देने का आदेश पत्र जारी किया गया है।

इस पत्र को किसानों ने सिरे से खारिज कर दिया है।

उन्होंने कहा कि हमें अपनी भूमि का किसी प्रकार का किराया नहीं चाहिए। इस आदेश की प्रति तीन गांवों के 11 किसानों को भी सूचनार्थ भेजी गई है। ड़ाक विभाग के जरिए भेजे गए रजिस्टर्ड पत्र में डाकवाला गुजरान के पालाराम, राजकली, सरोज रानी, कविता तथा शेखुपुरा के महाबीर सिंह, सुमन, ओमप्रकाश व मुस्तफाबाद के विजय कुमार, पवन कुमार, राम सिंह व दयाल सिंह के नाम शामिल है। पालाराम सहित कई किसानों ने भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के करनाल स्थित दीनबंधु सर छोटूराम किसान भवन प्रादेशिक कार्यालय में पहुंच कर प्रदेश संगठन मंत्री शाम सिंह मान, उतरी हरियाणा प्रभारी महताब कादियान, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान को उक्त पत्र की प्रति को सौंप कर कहा कि हम किसी भी कीमत पर अपनी काश्त भूमि का किराया नहीं लेना चाहते हैं। किसान नेताओं ने कहा कि अभी भी प्रशासनिक अधिकारी किसानों की काश्त भूमि को मैसर्ज मेक्स माइनिंग कंपनी के हवाले करने के प्रयास कर रहे हैं। भाकियू प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने कहा कि आने वाली 13 जून को पानीपत स्थित माईनिंग विभाग के अधिकारी का भाकियू के कार्यकर्ताओं द्वारा पुतला फूंक कर विरोध जताया जाएगा। इस अवसर पर किसान बबलू सोहाना, कविंद्र बदरान, हुकम सिंह, भरतरी मान सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।



करनाल। किसान भवन में किराए पत्र को खारिज करते हुए किसान। फोटो : हरिभूमि

#### समाधान करे प्रशासन

किसान नेता महताब कादियान ने कहा कि जिला प्रशासन को अड़ियल रवैया छोड़ कर दोनों पक्षों को बुला कर समाधान करने का रास्ता निकालना चाहिए। किसान कई बार करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता को अपनी जमीन को किसी भी कंपनी को नहीं देने के लिए अपनी फरियाद लिखित तौर पर दे चुके है। फिर भी करनाल प्रशासन की ओर से किसान विरोधी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

# व्यक्ति की मौत के सप्ताह बाद मिला सुसाइड नोट



घरौंडा। पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाने पहुंचे मृतक के परिजन। फोटो : हरिभूमि

■ परिजनों ने कमेटी के लोगों पर आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

शहर की कश्यप चौपाल के पास एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। लगभग एक सप्ताह के बाद मृतक की दुकान के गल्ले से कथित सुसाइट नोट मिला है। इसके बाद परिजन पुलिस स्टेशन में पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि चौपाल की कमेटी के कुछ लोगों ने उसे आत्महत्या करने पर मजबूर किया है।

बता दें कि घरौंडा निवासी सतीश कुमार छागा की मृत्यु 3 जून को हो गई थी। जिसका अंतिम संस्कार बिना पोस्टमार्टम के ही कर दिया था। परिजनों को लगभग एक सप्ताह के बाद मृतक की दुकान के गल्ले से सुसाइड नोट मिला है। इसके बाद परिजन हड़बड़ा गए और उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### मामले की होगी जांच

बिमला देवी ने पुलिस में दी शिकायत दी है कि उसके पति ने कश्यप चौपाल में 32 वर्षो से दुकान किराए पर ले रखी थी। जोकि एक सौ रुपए के स्टाम्प पर दुकान का लेंटर लगने के वापिस दुकान देने की बात कही गई है। बाद में कमेटी के लोग उसको जान से मरवाने की धमकी देने लगे। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि वार्ड नंबर 16 की एक महिला ने एक सप्ताह बाद उसके पति को आत्महत्या करने पर मजबूर करने की शिकायत दी है। जो सुसाइड नोट मिला है, उसकी जांच कराई जाएगी और उसके बाद आगामी कार्यवाही की जाएगी।

# कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

■ चचेरा भाई घायल जगाधरी-पावंटा रोड पर गांव बलाचौर अड्डे के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी-पावंटा रोड पर गांव बलाचौर अड्डे के पास कार की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बलाचौर निवासी बलाचौर निवासी जसविंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव के पास ही प्लाइवुड फैक्ट्री में काम करता है। सुबह वह काम पर जाने के लिए बाइक लेकर घर से निकला था। रास्ते में उसे उसके ताऊ का लड़का 23 वर्षीय सतीश कुमार मिल गया। सतीश उससे कहने लगा कि उसे भी किसी काम से जाना है। वह उसे साथ लेकर चले। इसके बाद वह सतीश को साथ लेकर चल दिया। जब वह बलाचौर अड्डे के पास मिलन पैलेस के पास पहुंचे तो सतीश कुमार ने उसे बाइक रोकने के लिए बोला। जब वह बाइक साइड में करने लगा तो पीछे से तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी कार चालक कुछ देर मौके पर रूकने के बाद वहां से भाग गया। लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने सतीश कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कैंटर की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**कुरुक्षेत्र।** एलएनजेपी सरकारी अस्पताल के नजदीक एक कैंटर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई व उसकी माता घायल हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कैंटर को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरु कर दी।

दर्शना देवी निवासी गांव अढोण ने बताया कि उसके बडे. बेटे सुनील कुमार की पत्नी ज्योति डिलीवरी के लिए 9 जून को एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल हुई थी। मैं व मेरा बेटा रोकी एलएनजेपी अस्पताल में खाना लेकर आए थे और सोमवार शाम को मैं व मेरा बेटा रोकी ज्योति के पास से अपने घर गांव अढोण जाने के लिए मोटरसाईकिल पर अस्पताल से बाहर निकले तो पीछे से एक कैंटर चालक तेज रफ्तार से चलाता हुआ आया और उसने सीधी टक्कर हमारी मोटर साईकिल में मारी। हादसे में मेरे बेटे रोकी को मटरसाईकिल सहित घसिटते हुआ काफी दूर तक ले गया। घायल बेटे राकी को एलएनजेपी अस्पताल में लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने राकी के चैक करने उपरांत मृत घोषित कर दिया।

# तीन हजार की रिश्वत लेता पटवारी गिरफ्तार

■ इंतकाल के नाम पर मांगे थे छह हजार, छछरौली से पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विजिलेंस की टीम ने छछरौली से एक पटवारी को 3000 के रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। पटवारी ने दखल इंतकाल के नाम पर 6000 की रिश्वत मांगी थी जिसमें 3000 पहले और 3000 बाद में देने की बात सामने आ रही है। यह कार्रवाई चंगनौली निवासी महेंद्र सिंह की शिकायत पर हुई है।

जानकारी के मुताबिक चगणौली निवासी महेंद्र सिंह हरियाणा रोडवेज से परिचालक के पद पर सेवानिवृत्ति हैं और अपनी जमीन के दखल इंतकाल के लिए कई दिन से छछरौली में तैनात पटवारी अशोक के कार्यालय में चक्कर लगा रहा था। दखल इंतकाल के नाम पर पटवारी ने10000 रुपए दिए जाने की मांग की। जिसके बाद 6000 रुपए में बात तय हो गई। महेंद्र सिंह ने इसकी शिकायत विजिलेंस को की और तय योजना के अनुसार पटवारी को पहले 3000 रुपए देने की बात सामने आई । जिसमें शिकायतकर्ता महेंद्र सिंह ने पटवारी को 3000 रुपए दिए और मौका पाते ही विजिलेंस की टीम ने पटवारी अशोक को रंगे हाथ पकड़ लिया।





यमुनानगर। छछरोली में पकड़े गए पटवारी को साथ ले जाती विजिलेंस की टीम।

# शिनाख्त में एसआई के लापता इकलौते बेटे का निकला शव

■ सूचना के बाद खुद गए थे जांच पर, घर से एक दिन पहले ही लापता हो गया था युवक

**अंबाला।** नाले के पास से मिले लावारिस शव की पहचान हो गई है। शव पुलिस के एसआई के लापता बेटे का निकला।

शव की जांच के लिए खुद एसआई मौके पर पहुंचे थे। पर इकलौते बेटे का शव देखकर उसके पांव तले से जमीन खिसक गई। अब पुलिस युवक की मौत के कारण तलाश रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव नागरिक अस्पताल में भेज दिया गया है। अंबाला छावनी के न्यू दयाल बाग के एसआई का बेटा दिग्विजय राणा सोमवार को घर से लापता हो गया था। मंगलवार को उसका शव मोती बाग के नाले के पास मिला। बेटे की मौत से अनजान एसआई अपनी टीम के साथ शव के पास पहुंचे थे। अपने ही बेटे का शव देखकर उसके होश उड़ गए। दिग्विजय सिंह राणा एक दिन पहले ही घर से चला गया था।

# पानीपत नगर निगम में 4.50 करोड़ का घोटाला

■ प्रॉपर्टी आईडी में फेरबदल का बड़े खेल का खुलासा, मुख्य आरोपी महिला पदमुक्त की

■ आयुक्त ने पुलिस में केस दर्ज करवाया, विजिलेंस की जांच की सिफारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत नगर निगम की प्रॉपर्टी टैक्स शाखा में टैक्स राशि में 4.50 करोड़ की गड़बड़ी पकड़ में आने के बाद अब प्रॉपर्टी आईडी में फेरबदल का बडे खेल का खुलासा हुआ है।

निगम के जॉइंट कमिश्नर की पीए रही कुसुम का गिरोह एक ही तारीख में दो-तीन बार प्रॉपर्टी को लिंक या डी-लिंक कर देता था। यहां तक कि मालिकाना हक परिवर्तन के एक मामले में भी कचरौली गांव की एक प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन का दस्तावेज जमा करवा दिया, जबकि वह गांव नगर निगम की सीमा में नहीं था। वहीं, टैक्स चोरी के साथ-साथ प्रॉपर्टी आईडी में जालसाजी सामने आने के बाद अब एडीसी व निगम के कमिश्नर डॉ पंकज ने पुलिस केस दर्ज करने और इस केस को विजिलेंस ब्यूरो को भेजने की सिफारिश की है। फिलहाल इस मामले की मुख्य आरोपी कुसुम जो हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत लगी पद से सेवा मुक्त की जा चुकी है। पहले जॉइंट कमिश्नर संजय कुमार ने अपनी पीए कुसुम को प्रॉपर्टी टैक्स से जुड़े कार्यों को करवाने के लिए एडमिन आईडी चलाने की अनुमति दी हुई थी। वहीं, कुसुम पर आरोप है कि उसने जॉइंट कमिश्नर की अनुमति का गलत फायदा उठाते हुए काला खेल शुरू किया। कुसुम, प्रॉपर्टी टैक्स के बड़े बकायदारों की राशि कम दिखाने लगी। इसके करने की एवज में मोटी रिश्वत की वसूली की जा रही थी। कुसुम व उसके सहयोगिकयों ने बड़ी संख्या में प्रॉपर्टी टैक्स बिलों में गड़बड़ियां की गई। जिनकी जानकारी कमिश्नर डॉ. पंकज के सामने कई मामलों में आई। कई प्रॉपर्टी टैक्स बिलों को क्लेरिकल गलती मानकर अनदेखा किया गया, लेकिन बिलों से संबंधित कई शिकायतें उनके पास पहुंची तो नगर आयुक्त ने इसकी जांच जॉइंट कमिश्नर संजय कुमार को सौंपी। जांच में पानीपत नगर निगम की प्रॉपर्टी टैक्स शाखा में करीब 4.5 करोड़ का घोटाला सामने आया।

### करंट लगने से ईंट भट्ठा मजदूर की मौत

**यमुनानगर।** गांव रतनगढ़ के पास ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। उसका शव खेत में बिजली के ट्रांसफार्मर के पास पड़ा मिला। बिहार निवासी बैजंती देवी ने बताया कि वह अपने पति 30 वर्षीय सूरज बिंद के साथ गांव रतनगढ़ स्थित ईंट भट्ठे पर काम करने के लिए आए थे। सुबह भट्ठे मालिक का लेबर की ठेकेदार अनिता के पास फोन आया कि तुम्हारा एक आदमी यहां खेत के पास पड़ा हुआ है, जब वह मौके पर गए तो उसका शरीर पीछे से जला हुआ था और वह मृत था।

### प्रकृति संरक्षण में कुरुक्षेत्र विवि की अग्रणी भूमिका : प्रो. सचदेवा

# केयू को मिला पर्यावरण संरक्षण चैम्पियन अवॉर्ड

■ पर्यावरण संरक्षण चैम्पियन अवॉर्ड प्राप्त करने वाला केयू प्रदेश का एकमात्र विश्वविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को पर्यावरण चैम्पियन अवार्ड-2025 दिए जाने पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि प्रकृति संरक्षण में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

पर्यावरण संरक्षण चैम्पियन अवार्ड 2025 प्राप्त करने वाला कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा का एकमात्र विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 40 एकड़ क्षेत्र को संरक्षित किया गया है। इसके साथ केयू ने पर्यावरण संरक्षण नीति को अपनाते हुए विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण करना पाठ्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा भी बनाया है। गौरतलब है कि केयू द्वारा पिछले तीन वर्षो संस्थागत एवं शैक्षणिक पर्यावरण गतिविधियों का संकलन करके वाईल्ड लाइफ वॉरियर कैटेगरी में आवेदन किया था जिसके आधार पर केयू को पर्यावरण संरक्षण चैम्पियन अवार्ड 2025 मिला है। अवार्ड मिलने पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण चैम्पियन अवार्ड 2025 मिलना केयू के पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए अहम योगदान को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए केयू ने एक वर्ष में 75हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है जो पिछले वर्ष से संचालित है। केयू सदैव पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों में सामाजिक जागरूकता के लिए अग्रणी रहा है।

इसी दिशा में हमारे शिक्षक भी समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि यह अवार्ड निश्चय की हमारे शिक्षक, कर्मचारियों व विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक व प्रेरित करेगा। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण अभियान में केयू महत्वपूर्ण जिम्मेवारी निभा रहा है। वर्ष 2010-11 में केयू को ग्रीन कैम्पस अवार्ड भी मिला था। इस अवसर पर केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी व जूलोजी विभाग के शिक्षक प्रो. दीपक राय बब्बर मौजूद रहे।



# ज्वेलरी शोरूम मालिक से ठगी करने वाले की पहचान


■ आरोपी ने नकली ऑनलाइन पेमेंट स्क्रीनशॉट दिखाकर धोखा दिया

■ पुलिस ने युवक पर लगाया जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

पुलिस ने एक ज्वेलरी दुकानदार से 85,882 की ठगी के मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दुकानदार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा कि आरोपी ने नकली ऑनलाइन पेमेंट स्क्रीनशॉट दिखाकर उन्हें धोखा दिया और बार-बार कहने के बावजूद भी पेमेंट नही की। अब आरोपी पुलिस जांच में सहयोग नहीं कर रहा है।

पुलिस के अनुसार आरोपी अभिषेक सेतिया को व्हाट्सएप के जरिए जांच में शामिल होने का नोटिस भेजा गया था लेकिन उसने जानबूझकर सहयोग नहीं किया। इसके बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2) और 318(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। दुकानदार अमन गर्ग ने बताया कि 2 जून को आरोपी ने दो अंगूठियां खरीदीं और एनईएफटी ट्रांजेक्शन का नकली स्क्रीनशॉट दिखाकर भुगतान का झांसा दिया था। जब दुकानदार के खाते में पैसा नहीं पहुंचा तो आरोपी का फोन बंद मिलने लगा। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



बराड़ा। दुकानदार से ठगी करने वाला संदिग्ध आरोपी।

# जिले में 6 स्थानों पर बाढ़ से बचाव का कार्य जारी, 17-18 करोड़ रुपये होंगे खर्चः हरविंद्र कल्याण

## हरियाणा विस अध्यक्ष ने ढाकवाला और गांव सदरपुर में यमुना बांध पर चल रहे कार्यों का लिया जायजा

■ बारिश से पहले अधिकारियों को अलर्ट रहने के दिए निर्देश, जल्द से जल्द काम को करें पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि यमुना के पानी से बाढ़ बचाव के लिए जिला में छह स्थानों पर काम जारी है जो 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। इस कार्य पर करीब 17-18 करोड़ रुपये खर्च होंगे। उन्होंने यह जानकारी मंगलवार को गांव ढाकवाला और गांव सदरपुर में यमुना बांध पर चल रहे कार्यों का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ढाकवाला में 6 नए स्टड और स्टोन रिवेटमेंट का कार्य जारी है। इस पर तीन करोड़ खर्च होंगे जबकि सदरपुर में 6 पुराने स्टड्स की मरम्मत की जाएगी और इस कार्य पर एक करोड़ 28 लाख रुपये खर्च होंगे। इसके साथ-साथ अधिकारियों को बाढ़ से पहले अलर्ट रहकर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि हर वर्ष यमुना सहित अन्य स्थानों पर बाढ़ से बचाव कार्यों की निगरानी की जाती है। जहां-जहां जरूरत होती है वहां सरकार बाढ़ से बचाव की परियोजनाओं को मंजूर करती है और इन्हें बारिश सीजन के पहले पूरा किया जाता है। पहाड़ों पर अधिक बारिश के कारण पिछले सालों में इस जिला के यमुना बेल्ट के गांवों को बाढ़ का सामना करना पड़ा था। इंद्री की तरफ एक जगह यमुना का बांध टूट भी गया था जिससे बहुत भारी नुकसान हुआ था। तीन ऐसे स्थान थे जहां यमुना टूटने के कगार पर थी। अतीत के अनुभव को ध्यान में रखते हुए पिछले साल भी यमुना के सभी कमजोर किनारों को मजबूत किया गया। जरूरत अनुसार स्टड बनाये गये और पत्थर का पुश्ता (स्टोन रिवेटमेंट) लगाया गया। इस मौके पर करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता, घरौंडा के एसडीएम राजेश सोनी, जिला परिषद की डिप्टी सीईओ रोजी, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता राजेश बिश्नोई, कार्यकारी अभियंता मनोज कुमार, एसडीओ करनैली सिंह, पंचायती राज विभाग के एसडीओ रामबिलास शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीणों से प्राप्त की जानकारी

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बताया कि जिला में विभिन्न स्थानों पर 17-18 करोड़ की लागत से बाढ़ बचाव के कार्य जारी हैं। दौरा करने के पीछे मुख्य मकसद धरातल पर ग्रामीणों से भी जानकारी प्राप्त की जाए। ग्रामीणों द्वारा दिए जाने वाले सुझाव काफी कारगर होते हैं। अगर कोई नया विषय सामने आता है तो विभाग को उस बारे में अवगत कराया जाता है। विभाग जांच के बाद जहां जरूरत होती है उस पर अमल भी करता है। गत वर्ष केवल लालुपुरा के साथ यमुना के तटबंध को मजबूत करने के लिए करीब 13 करोड़ के कार्य कराए गए थे। सभी कार्य की गुणवत्ता बेहतर थी। कई बार यमुना का बहाव बदलने के कारण चुनौती का सामना करना पड़ता है। पिछले अनुभव को ध्यान में रखते हुऐ विभाग ने अच्छा कार्य किया। भेजे गए सभी प्रोजेक्ट्स को सरकार ने मंजूरी दी है। वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हैं, उनकी अध्यक्षता में बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में इन कार्यों को स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि वे गंगा व यमुना मैया से प्रार्थना करते हैं कि चारों ओर सुख शांति रही।

### गाड़ी ख़ुद चला कर पहुचे स्पीकर!

विस स्पीकर कल्याण यमुना नदी पर चल रहे बाढ़ बचाव कार्यों का निरीक्षण अपनी निजी गाड़ी में सवार होकर किया जिसे वे ख़ुद ही चला रहे थे। वहाँ उपस्थित लोगों द्वारा पूछने पर उन्होंने बताया कि उनकी सरकारी कार काफ़ी नीची है तथा यमुना बाँध का अधिकतर भाग कच्चा व उबड़ खाबड़ है जिसके कारण वो गाड़ी क्षतिग्रस्त हो सकती थी इसलिए उन्होंने अपनी निजी गाड़ी का इस्तेमाल किया जो ऊँची भी है तथा ज़्यादा मजबूत भी। ग़ौरतलब है कि विधानसभा अध्यक्ष को प्रोटोकॉल के अनुसार सरकार द्वारा मर्सिडीज़ कार उपलब्ध करवाई जाती है जो थोड़ी नीची होती है। स्पीकर के कार चलाने का शौक़ सर्वविदित है तथा अक्सर उनको कार चलाते हुए भी देखा जाता है।

### स्थानों की पहचान कर किया जा रहा कार्य

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि पिछले साल जिला में 6 ऐसे स्थानों की पहचान की गई जहां नए स्टड या रिवेटमेंट की जरूरत थी। इन सभी स्थानों पर काम जारी है। निर्माण स्थलों पर 70 से 80 प्रतिशत सामग्री पहुंच चुकी है। भरसक प्रयास है कि 30 जून से पहले बाढ़ से बचाव के सारे कार्य पूरे कर लिए जाएं। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन से तालमेल कर पहले ही अग्रिम योजना तैयार कर ली जाए ताकि दो साल पहले जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े। उस समय सामग्री की उपलब्धता में परेशानी का सामना करना पड़ा था और एनएफएल, थर्मल आदि से पत्थर मंगवाना पड़ा था।

## खबर संक्षेप



करनाल। लघु सचिवालय में अफसरों संग बैठक करतीं सीटीएम मोनिका।

### जल जीवन मिशन के तहत 100% कार्य पूरा

करनाल। नगराधीश मोनिका ने कहा कि जिला में उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में हर घर तक स्वच्छ जल पहुंचाया जा रहा है, जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 100 प्रतिशत प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाया जा चुका है। नगराधीश मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर तक नल से जल पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थीं। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जल जीवन मिशन के लक्ष्य को तय समय सीमा के अंदर एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करें और पूरी जानकारी जल जीवन मिशन के पोर्टल पर अपडेट करें। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर जल संकल्प का अहम हिस्सा है, जिसका लाभ हरियाणा के ग्रामीण परिवारों को मिल रहा है।

## 8 जून की रात से बिजली गुल, ट्रांसफार्मर बदला लेकिन वह भी खराब निकला

# बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों ने मेरठ रोड पर लगाया जाम


ट्रांसफार्मर जलने के बाद से अंधेरे में डूबा गांव
जेई ने नंबर ब्लैकलिस्ट में डाले

पानी की हुई किल्लत पशुओं के लिए चारा काटना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल के रांवर गांव में बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों ने करनाल-मेरठ स्टेट हाइवे जाम कर दिया। गांव में 8 जून की रात से बिजली गुल है और लगातार शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग ने कोई समाधान नहीं किया। गर्मी, पानी और चारे की किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने मेरठ रोड पर जाम लगा दिया, जिससे कई किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर विभाग ने कम कैपेसिटी वाला ट्रांसफार्मर भेजा, जो तुरंत खराब हो गया। फोन करने पर जेई, एसडीओ और लाइनमैन तक ने जवाब देना बंद कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया, आश्वासन देने के बाद ही जाम खुलवाया जा सका।



करनाल। रांवर गांव में बिजली संकट से परेशान ग्रामीण करनाल-मेरठ स्टेट हाइवे जाम करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कम केपेसिटी वाला भेजा, आते ही खराब

ग्रामीणों ने बिजली विभाग में कई बार संपर्क किया, लेकिन आरोप है कि जेई ने फोन नंबर ब्लैकलिस्ट कर दिए, एसडीओ ने फोन ही स्विच ऑफ कर लिया और लाइनमैन का फोन भी बंद मिला। परेशान ग्रामीणों ने किसी तरह से दबाव डालकर एक ट्रांसफार्मर मंगवाया, लेकिन वह कम क्षमता का निकला। जैसे ही उसे चालू किया गया, ज्यादा लोड के चलते वह भी खराब हो गया। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी फैल गई।

**प्यास से लोग बेहालः** गांव में बिजली न होने से ट्यूबवेल भी नहीं चल पा रहे, जिससे पीने के पानी और पशुओं के लिए चारे की किल्लत हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी में न तो पंखे चल पा रहे हैं और न ही कूलर या एसी का कोई उपयोग हो पा रहा है।

खेतों में लगे हरे चारे को मशीनों से काटने के लिए भी बिजली की जरूरत होती है, लेकिन बिजली न होने से यह भी मुमकिन नहीं हो पा रहा। लोग गर्मी और प्यास से बेहाल हैं। प्रशासन से तुरंत समाधान की गुहार लगाई है।

### पुलिस मौके पर पहुंची, घंटों बाद ग्रामीणों को मना पाई

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण शुरू में नहीं माने और अपना विरोध जारी रखा। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक ठोस समाधान नहीं मिलेगा, वे सड़क से नहीं हटेंगे। आखिरकार पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को उनकी समस्या के समाधान का भरोसा दिया, जिसके बाद घंटों की मशक्कत के बाद ग्रामीण साइड में हटे और यातायात बहाल हुआ।

### 33 केवी पावर हाउस ने मदद करने से किया था इनकार

जब सभी प्रयास असफल हो गए तो ग्रामीणों ने आखिरकार मेरठ रोड पर जाम लगा दिया। जाम लगते ही सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और कई किलोमीटर तक यातायात ठप हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब वे 33 केवी के पावर हाउस पर मदद मांगने पहुंचे तो वहां मौजूद अधिकारियों ने उनकी मदद करने से साफ इनकार कर दिया। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।



करनाल। फव्वारा पार्क में योगाभ्यास करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## 13265 साधकों को दिया योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. सतपाल ने बताया कि जिला में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने व हरित योग अभियान के तहत विभागीय निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज आयुष विभाग द्वारा दो कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें 915 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं 200 पौधों का वितरण व पौधारोपण किया गया। आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज ने बताया कि प्रथम कार्यक्रम सेक्टर-12 के फव्वारा पार्क में आयोजित किया गया जिसमें 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आयुष विभाग करनाल के डॉक्टर फार्मासिस्ट, योग सहायक, योग इंस्ट्रक्टर शामिल रहे। योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ऊं के पवित्र उच्चारण व प्रार्थना के साथ किया गया, आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया गया।

### 180 पेड़-पौधों का वितरण

कार्यक्रम के अंत में आयुष विभाग द्वारा 180 पेड़-पौधों का वितरण व पौधरोपण किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के औषधीय पेड़ पौधे शामिल थे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी व उनकी टीम से नीलम बठला, निधि गुप्ता, एनफ चौधरी, अजय एवं आयुष विभाग विभाग से ब्लॉक इंचार्ज डॉ नितिन रोहिला मौजूद रहे। आयुष योग सहायक प्रदीप व कुलदीप ने मंच पर योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन किया। डॉ अमित पुंज ने बताया कि दूसरा कार्यक्रम जिला कारागार में जेल अधीक्षक लखबीर सिंह बराड़ की अध्यक्षता तथा डीएसपी चरण सिंह, डीएसपी शैलाक्षी भारद्वाज व डीएसपी विवेक सांगवान की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में 715 कैदियों ने भाग लिया। योग सहायक गीता दहिया, कुसुम रानी द्वारा महिला कैदियों को तथा सोनू पाल द्वारा पुरुष कैदियों को अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का नियमित अभ्यास करवाया गया एवम 20 पौधों का वितरण एवं पौधरोपण किया गया।

## भानू राणा और साहिल भागल गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

करनाल। जिला एसटीएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो शातिर गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है। दोनों किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। पुलिस के मुताबिक दोनों का संबंध कुख्यात भानू प्रताप राणा गैंग और साहिल भागल गैंग से है। आरोपियों की पहचान अमित उर्फ खौफ और बलराम के रूप में हुई है, जो कैथल के चीका के रहने वाले हैं। एसटीएफ पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपियों को 9 जून को उचाना के पास से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से एक अवैध 32 बोर की पिस्टल व कुछ जिंदा रौंद बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी अपने गैंग के आकाओं के निर्देश पर हरियाणा के अलग-अलग इलाकों में वारदातों को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। उनकी मंशा फायरिंग करने की थी, ताकि विरोधियों में डर पैदा किया जा सके।गिरफ्तार किए अमित उर्फ खौफ और बलराम पर पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपी आर्म्स एक्ट और ट्रांसफॉर्मर चोरी जैसे गंभीर मामलों में लिप्त रह चुके हैं। इनका आपराधिक रिकॉर्ड लंबा है और दोनों गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। एसटीएफ में जांच अधिकारी प्रवीन ने बताया कि दोनों आरोपियों को गुप्त सूचना के आधार पर दबोचा गया। ये काफी समय से निगरानी में थे और किसी वारदात को अंजाम देने के लिए सक्रिय हो चुके थे।जांच अधिकारी के अनुसार भानू राणा और साहिल भागल गैंग के इशारे पर ये किसी बड़ी हिंसक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को करनाल के ट्रॉमा सेंटर में मेडिकल जांच के लिए भेजा है। एसटीएफ इंचार्ज दीपेंद्र राणा ने बताया कि दोनों को कल गिरफ्तार किया गया था और कोर्ट में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया था। आज मेडिकल के बाद दोनों को कोर्ट ने जेल भेज दिया गया है।



करनाल। एसटीएफ की टीम द्वारा पकड़े गए आरोपी

करनाल में अपराध की साजिश रच रहे थे गैंगस्टर

## 521 ब्रांड फूड प्रोडक्ट्स सर्वोत्तम गुणवत्ता और तेज ब्रांड विकास के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित

■ यह पुरस्कार मोहाली क्लब में बॉलीवुड अभिनेत्री वामिका गब्बी ने दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

521 ब्रांड फूड प्रॉडक्ट्स के नाम से चावल समेत कई अन्य उत्पादों का निर्माण तथा बिक्री करने वाले केएस ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड के सीओ पंकज गोयल व हर्ष गोयल को मोहाली मे हुए कार्यक्रम मे सर्वोत्तम गुणवता चावल और तेज ब्रांड विकास के लिए 2025 उत्कृष्टता पुरस्कार से नावाजा गया। यह पुरस्कार मोहाली क्लब में बॉलीवुड अभिनेत्री वामिका गब्बी के द्वारा यह पुरस्कार दिया गया। इसकी जानकारी देते हुये सीएमडी पंकज गोयल ने बताया कि अवार्ड मिलना हमारे लिए सम्मान तथा गर्व का विषय है। इन अवार्ड के माध्यम से हमारी अथक मेहनत, समर्पण तथा धैर्य झलकता है।

हम अपने उपभोक्ताओं को बढिय़ा क्वालिटी उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्प हैं और इन अवार्ड ने अब हमारी जिम्मेदारी को और बढ़ा दिया है। के. एस. ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड 521 ब्रांड के तहत विभिन्न खाद्य उत्पादों का निर्माण तथा विपणन करता है। के. एस. ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड अपने 521 ब्रांड के अंतर्गत उच्च क्वालिटी के दलिया, चावल, सूजी ताण बेसन, साबुत गेहूं चक्की फ्रेश आटे का अग्रणी निर्माता, निर्यातक तथा सप्लायर है। खाद्य उत्पाद निर्यात के क्षेत्र में एक ग्लोबल लीडर होने के नाते हम दुनियाभर के कई बाजारों में अपने उत्पाद पहुंचा रहे हैं। पूरे प्रोफेशनलिज्म तथा कार्यकुशलता के साथ अपने उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं।




तरावड़ी। कंपनी के सीओ पंकज गोयल व हर्ष गोयल को अवार्ड से सम्मानित करते।

पिछले 60 से भी अधिक वर्षों से हम अच्छी से अच्छी क्वालिटी के उत्पाद मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्प हैं और हम अपने उद्देश्य को पूरा कर रहे हैं। निर्माण के दौरान हमने ईमानदारी,सस्टेनेबिलिटी तथा क्वालिटी के शीर्ष मानकों को पूरा करने के लिए हमने सावधानी से एक-एक कदम डिजाइन किया हुआ है। इससे हमारी स्टैंडर्ड, उच्च स्तर की खाद्य सुरक्षा तथा साफ-सफाई झलकती है। इससे पहले भी कम्पनी को दुबई, दिल्ली, के इलावा कई अवार्ड मिल चुके है।

## पंजाबी भाषा को पूर्ण तौर पर किया जाए लागू : लाडी

तरावड़ी। शहर के ऐतिहासिक नौंवी पातशाही शीशगंज गुरूद्वारे में सिख पंथ की चढ़दीकला ओर गुरूद्वारों की सेवा संभाल को लेकर गणमान्य लोगों की एक बैठक आयोजित हुई। जिसका नेतृत्व हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के सदस्य प्रतिनिधि एवं सरपंच एसोसिएशन नीलोखेड़ी के प्रधान भूपेंद्र सिंह लाडी ने की। बैठक में तरावड़ी शहर समेत नीलोखेड़ी, निगदू और इंद्री क्षेत्र व ग्रामीण इलाकों से भी गणमान्य ओर बुद्धिजीवी लोगों ने हिस्सा लिया। जिन्होंने सिख पंथ की मजबूती समेत कई मुद्दों पर अपने सुझाव दिए। मंच संचालन कथावाचक प्रगट सिंह ने किया। गुरूद्वारे में हुई मीटिंग के दौरान पंजाबी भाषा, स्कूलों की दुर्दशा, शिक्षा ओर स्वास्थय व्यवस्था में बदलाव लाने ओर इन्हें ओर ज्यादा बेहतर बनाने को लेकर सुझाव मांगे गए। पूजम के पूर्व सरपंच अमरजीत सिंह, खजान सिंह रमाना, गुरमुख सिंह गोरगड, कंवलजीत सिंह सिद्धपुर, अंग्रेज अंजनथली, मुख्तयार सिंह, गुरयाल कलरी, छबेग सिंह चोगवां, गुरबाज सिंह पटहेड़ा, ज्ञानी तखविंदर सिंह दरड़, हरमीत सिंह, पार्षद प्रतिनिधि लखविंदर, अशोक हांडा, सुखविंदर सिंह चट्ठा व बलबीर सिंह मारवाह ने सुझाव रखे। जिस पर मैनेजमैंट कमेटी के सदस्य प्रतिनिधि एवं सरपंच एसो. नीलोखेड़ी के प्रधान भूपेंद्र सिंह लाडी ने आश्वासन दिया कि इन सभी सुझावों को मैनेजमैंट कमेटी ओर प्रदेश सरकार के समक्ष रखा जाएगा। प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह लाडी ने बताया कि पंजाबी भाषा को पूर्ण तौर पर लागू करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री सैनी से मुलाकात की जाएगी।



## हरियाणा कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत

करनाल। हरियाणा में करीब 11 साल बाद कांग्रेस संगठन को पुनर्जीवित करने की दिशा में सक्रिय हुई है। पार्टी ने 'संगठन सृजन अभियान' की शुरुआत करते हुए जिला स्तर पर नए नेतृत्व के चयन की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को करनाल के मानव सेवा संघ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को मजबूती देने पर विचार-विमर्श हुआ।इस बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं विधायक भुवन कापड़ी, करनाल इंचार्ज कैलाशो सैनी और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों ने की। इसमें पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, पार्षद, मेयर और जिला कार्यकर्ता शामिल हुए।कांग्रेस नेताओं ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं और पूर्व पदाधिकारियों से राय-मशविरा लिया गया। पार्टी की रणनीति के अनुसार करनाल में दो जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे-एक शहरी और एक ग्रामीण। विधायक भुवन कापड़ी ने कहा, "कांग्रेस केवल आयोजनों की पार्टी नहीं है। हमारा ध्यान ज़मीनी कार्यकर्ताओं की भागीदारी पर है। भाजपा केवल मंच सजाने तक सीमित है, लेकिन कांग्रेस संगठन को जड़ से मजबूत कर मैदान में उतरेगी।"

### छह-छह नाम भेजे जाएंगे हाईकमान को

दोनों क्षेत्रों के लिए कई दावेदारों ने अपनी दावेदारी पेश की है। सभी से संवाद कर पर्यवेक्षकों ने अलग-अलग बैठकों में चर्चा की और छह-छह नाम चयनित किए हैं, जिन्हें राहुल गांधी को अंतिम निर्णय के लिए भेजा जाएगा। राहुल गांधी द्वारा चयनित नेताओं के नेतृत्व में ही संगठन कार्य करेगा।

### गुटबाजी पर नियंत्रण

प्रदेश पर्यवेक्षक कैलाशो सैनी ने कहा कि संगठन सृजन अभियान में गुटबाजी को खत्म कर एकजुट कांग्रेस बनाने का संकल्प लिया गया है। राहुल गांधी के नेतृत्व में नए सिरे से बदलाव किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, "अब कोई गुट नहीं, केवल कांग्रेस का जनसंपर्क और जनसेवा मॉडल चलेगा। संगठन की रीढ़ कार्यकर्ता हैं और अब हर कदम उनकी राय से तय होगा।"

## 13 को होगा संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम : प्रवीण

■ भाजपा जिलाध्यक्ष लाठर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

भारतीय जनता पार्टी पूरे देश भर में केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों को रेखांकित करने के लिए संकल्प से सिद्धि कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसी विषय को लेकर आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल करनाल में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के सभी प्रकोष्ठों के संयोजकों के अतिरिक्त इस कार्यक्रम के संयोजक एवं सहसंयोजक मौजूद रहे। बैठक में करनाल में होने वाले संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम को 13 जून शुक्रवार को सुबह 10 बजे करनाल जिला कार्यालय कर्ण कमल में आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में इस कार्यक्रम की सफलता एवं कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिए विचार रखे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने बताया कि भाजपा 5 जून से 15 अगस्त तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में च्संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मौके पर संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के जिला संयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा के अतिरिक्त जिला सह संयोजक यशपाल ठाकुर केश कला बोर्ड चेयरमैन, पूर्व सीनीयर डिप्टी मेयर कृष्ण गर्ग, जगदेव पाढ़ा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, जिला उपाध्यक्ष राज बीर शर्मा,जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार,आई टी प्रमुख विकास कथुरिया, एडवोकेट यशवीर राणा, डा मुकेश तनेजा, दर्शन अहलूवालिया, संजीव लखनपाल, लेख राज गर्ग, मदन गुर्जर एवं सुभाष भारद्वाज मौजूद रहे।



करनाल। भाजपा कर्ण कमल कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर और अन्य कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## करनाल में रेलवे ट्रैक पार करते समय बुजुर्ग महिला की मौत

ट्रेन पकड़ने के लिए ट्रैक पार कर रही थी महिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल में नीलोखेड़ी रेलवे स्टेशन पर मट्रैक पार करते समय 55 वर्षीय बुजुर्ग की एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि महिला का शव क्षत-विक्षत हो गया और शरीर के कई हिस्से दूर-दूर तक बिखर गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए कुरुक्षेत्र अस्पताल भिजवा दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### भतीजियों संग जा रही थी ननद के भोग पर

मृतका की पहचान 55 वर्षीय वीना के रूप में हुई है। वह विधवा थी। वीना नीलोखेड़ी के अस्पताल एरिया में किराए के मकान में रहती थी। अपनी दो भतीजियों के साथ गुरदासपुर जा रही थी। मृतका के भतीजे प्रिंस ने बताया कि वीना की ननद की मौत हो गई थी और मंगलवार को भोग यानी रस्म क्रिया थी। उसी में शामिल होने जा रही थी। नीलोखेड़ी स्टेशन पर पहुंची और टिकट लेकर स्टेशन पर मौजूद थी। इसी दौरान पैसेंजर ट्रेन पकड़नी थी, लेकिन प्लेटफार्म बदलने के लिए ट्रैक पार कर रही थी। तभी दूसरी दिशा से तेज रफ्तार से आ रही एक्सप्रेस ट्रेन ने उसे चपेट में ले लिया।

### परिवार में तीन बेटियां और मानसिक रूप से बीमार बेटा

मृतका वीना के परिवार की हालत भी चिंताजनक है। वीना की तीन बेटियां हैं और उसका एक बेटा मानसिक रूप से परेशान और दिव्यांग है। पति का देहांत पहले ही हो चुका था। परिवार का गुजारा वह खुद मेहनत-मजदूरी करके कर रही थी। नीलोखेड़ी के अस्पताल एरिया में वह किराए के मकान में रहती थी। उसकी मौत के बाद अब परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।


### सार्वजनिक सूचना

इस कार्यालय में कमल कपूर पुत्र स्व. सिरी राम कपूर निवासी नीलोखेड़ी ने कार्यालय नगरपालिका नीलोखेड़ी में प्रार्थना पत्र दिया है स्व. श्री सिरी राम कपूर कि मृत्यु दिनांक 12.11.2024 को हो चूकी है और मेरी माता बृज मोहनी कपूर का देहान्त दिनांक 06.01.2016 को हो चुका है। यह कि प्रार्थी की जायदाद प्रोपर्टी/आईडी 7MBL2CV8/ 7MF3DFT6/ 7MK510U8/ 7MQJ3NE3/ नीलोखेड़ी प्रोपर्टी/आईडी मे स्व. सिरी राम कपूर व बृज मोहनी कपूर के वारिसान 1 कमल कपूर पुत्र 2 विमल कपूर पुत्र 3 अनिल कपूर पुत्र 4 संजीव कपूर पुत्र हैं उपरोक्त वारिसान अपने नाम आईडी करवाना चाहते हैं। अगर उक्त विषय बारे किसी का कोई भी ऐतराज है तो वह अपना एतराज मय सबूत लिखित रूप में 30 दिनों के अन्दर-2 कार्यालय नगरपालिका नीलोखेड़ी में जमा करवा सकते हैं। इस अवधि उपरान्त कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी तथा इस अवधि के उपरान्त प्रार्थी की प्रोपर्टी आईडी सबूतों के आधार पर इनके नाम कर दी जाएगी।

हस्ता/-सचिव, नगरपालिका नीलोखेड़ी।

## खबर संक्षेप

### प्रतिभा मे निखार लाता है समर कैंप : रितु

**पानीपत।** पानीपत के बाल भवन मे समर कैंप का आयोजन 16 जून से 28 जून तक होगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी रितु राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि समर कैंप मे डांस जुडो कराटे आर्ट एंड क्राफ्ट ब्यूटी पार्लर की कक्षाएं निशुल्क लगेगी। उन्होंने कहा की कैंप मे आकर बच्चे अपनी गर्मी की छुट्टियों को सद्प्रयोग कर सकते, अपनी प्रतिभा को निखार सकते है। वहीं, राठी ने बताया जो बच्चे आर्थिक तंगी के चलते अपनी प्रतिभा को नहीं निखार सकते ऐसे बच्चों के लिए समर कैंप में प्राथमिकता रहेगी। पिछले साल के मुकाबले अब समर कैंप में सैकड़ो की बच्चों में सैकड़ो की संख्या में बच्चे आ रहे हैं और ज्यादातर बच्चे स्लम एरिया से हैं।

### जान लेवा हमला करने वाला पकड़ा

**पानीपत।** थाना किला पुलिस ने भारत नगर में जीजा साले पर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे छठे आरोपी गांधी नगर निवासी इंद्रजीत को गिरफ्तार किया है। वहीं, थाना किला प्रभारी श्रीनिवास ने बताया कि इस मामले में धवन, हर्ष, विष्णु, भारत व मोनू को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। इस प्रकरण में थाना किला में भारत नगर निवासी राहुल चौहान की शिकायत पर केस दर्ज है।

### कुरूक्षेत्र में होगी योग खेल मैराथन

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि खेल एवं आयुष विभाग, हरियाणा द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 जून की सुबह योग खेल मैराथन का आयोजन कुरूक्षेत्र में करवाया जा रहा है। इस आयोजन में बतौर मुख्यअतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि मैराथन में प्रथम पुरस्कार एक लाख, द्वितीय पुरस्कार 51 हजार तथा तृतीय पुरस्कार 31 हजार रुपये है। उन्होंने इस मैराथन में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि क्यू आर कोड के माध्यम से इस मैराथन में पंजीकरण करवाकर आमजन भाग ले सकते हैं।

### जरूरतमंद छात्र का दाखिला करवाया

**पानीपत।** गरीब परिवार सहायता समिति ने एक दिव्यांग छात्र का दिशा दिव्यांग स्कूल में कक्षा तीन में दाखिला करवाया और पाठ्य सामग्री दी। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि छात्र बोलने और सुनने में असमर्थ है और इसके माता-पिता का देहांत हो चुका है। बच्चा अनाथ आश्रम में रहता है। समिति सदस्यों ने बताया कि छात्र की शिक्षा जारी रखने के उद्देश्य से उसे स्पेशल स्कूल में प्रवेश दिलवाया है। उन्होंने कहा कि समिति के सदस्य मिल कर साधनहीन परिवार के बच्चों की शिक्षा का खर्च वहन करते है।

### डीईईओ को पुस्तकें भेंट की

**पानीपत।** साहित्यकार जवाहर लाल शर्मा ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज को पुस्तक भेंट की। गौरतलब है कि जवाहर लाल शर्मा द्वारा लिखी गई पुस्तक उत्कर्ष के सिद्धांत में वैदिक संस्कृति में आश्रम व्यवस्था, स्वाध्याय अंधकार से प्रकाश की ओर, जीवन का सौंदर्य है वाणी, व्यवहार में मधुरता, चरित्र बल की महत्वता, समय का सदुपयोग, कर्मवीर बनो तथा श्रमशील रहो, व्यवहारिक जीवन में स्वास्थ्य का महत्व, धैर्यवान बनो, कर्तव्य पालन, सील और शिष्टाचार, युवा शक्ति और नशा मुक्ति, संगीत है सर्वोत्तम औषधि आदि विषयों पर है।

### जनहित में है जनगणना: मलिक

**पानीपत।** नॉर्थ इंडिया एंटी करप्शन और क्राइम प्रिवेंशन ऑर्गेनाइजेशन की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में लतीफ गाडन स्थित कार्यालय में हुई। जिसमें केंद्र सरकार द्वारा देश के परिसीमन को सही प्रकार से सुचारू रूप से चलने के लिए जनगणना के अभियान का स्वागत किया गया। साथ ही एक ही व्यक्ति द्वारा बनवाई गई कई राज्यों में आईडी की भी जांच कर एक से अधिक आईडी रखने वाले लोगों पर लगाम लगाने के लिए सर्च अभियान चलाने की मांग की गई।

## बिजली कर्मचारियों के खिलाफ जताया रोष

# कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर धरना दिया

उप मंडल अधिकारी ने सिर्फ दिखावे के लिए यूनियन से वार्ता की लेकिन हर वार्ता में अधिकारी का रवैया कर्मचारियों के खिलाफ रहा


**पानीपत।** पानीपत के मुख्य बिजली घर पर धरना प्रदर्शन करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ऑल हरियाणा पावर कारपोंशन वर्कर्स यूनियन ने उपमंडल अधिकारी सनौली रोड सब डिवीजन के बिजली कर्मचारियों के प्रति खराब रवैया के खिलाफ उनके कार्यालय के समक्ष लगातार सातवें दिन विरोध प्रदर्शन जारी रखा। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान जितेंद्र वर्मा ने की व संचालन सचिव विनोद ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य कमेटी मेंबर प्रमोद शर्मा ने कहा कि उप मंडल अधिकारी ने सिर्फ दिखावे के लिए यूनियन से वार्ता की लेकिन हर वार्ता में अधिकारी का रवैया कर्मचारियों के खिलाफ रहा। इस उप मंडल अधिकारी का रवैया ऐसा है कि जैसे कर्मचारी बिजली निगम में काम ना करके अधिकारी की फैक्ट्री में काम करते हैं।

सिटी यूनिट सचिव बलराम राणा ने कहा कि उप मंडल अधिकारी कर्मचारियों पर दबाव बनाकर अपने क्षेत्र में गलत कार्य करवा रहे हैं। इसी कड़ी में जीटी रोड पर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पीछे अधिकारी ने दबाव बनाकर एक 200 केवी, ट्रांसफार्मर को ओवरलोड दिखाकर नई बन रही कॉलोनी पर 100 केवी का ट्रांसफार्मर रख दिया है और उस कॉलोनी की लाइन भी नई खींच दी है। जिस ट्रांसफार्मर को ओवरलोड दिखाया गया है उस ट्रांसफार्मर की लाइन का वहां पर कोई लेना-देना नहीं है।

अंसल जैसी नई कालोनियां कटने पर बिजली की लाइन लेने के लिए बिजली निगम मे एस्टीमेट के रुपये जमा करते हैं। विरोध प्रदर्शन को बलराम राणा, मेहर सिंह, कटार सिंह, महिपाल, नरेन्द्र अहलावत, दलेल शर्मा, मनोज कुमार, सुरेंद्र, सौरभ आदि नेताओं ने संबोधित किया।



**पानीपत।** हरियाणा खेत मजदूर यूनियन के सदस्य जिला सचिवालय पर प्रदर्शन

### हरियाणा खेत मजदूर यूनियन ने प्रदर्शन कर धरना दिया

**पानीपत।** हरियाणा खेत मजदूर यूनियन के देशव्यापी आह्वान पर मंगलवार को जिला सचिवालय में स्थित डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष हरियाणा खेत मजदूर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर धरना दिया। वहीं आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। यूनियन के जिला सचिव भूपेंद्र कश्यप ने कहा कि खेत मजदूरों का देश की कृषि और उसके विकास में भारी योगदान है उनकी भारी संख्या और योगदान के बावजूद सरकार द्वारा जानबूझ कर की गई उपेक्षा के चलते खेत मजदूरों के रहने और काम की स्थिति बेहद खराब है। धरने के बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम मांगों का ज्ञापन दिया। प्रतिनिधिमंडल में दरियाव सिंह कश्यप, पवन कुमार सैनी, ओम प्रकाश कश्यप, शीश राम तोमर, सन्नोवर राणा, दुर्गा दास, राम सिंह एवं जिला सचिव भूपेंद्र कश्यप आदि शामिल रहे।


**पानीपत।** जिला सचिवालय पर इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा आंदोलन करते।

## भाजपा सरकार के खिलाफ इनेलो का धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इंडियन नेशनल लोकदल ने मंगलवार को जिला सचिवालय के सामने पानीपत के किसान बिजेंद्र संधू की जघन्य हत्या के विरोध व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर धरना दिया। वहीं, इनेलो ने हरियाणा के राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। धरने पर इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, विधायक आदित्य देवी लाल, विधायक अर्जुन चौटाला, इनेलो महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला, उमेद लोहान, प्रकाश भारती, ओमप्रकाश गोरा, रामफल कुंडू, जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी, महिला प्रदेश अध्यक्ष तनुजा कश्यप, रेखा राना, बलवंत मायना, इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रणबीर देशवाल, धर्मवीर पाढा, प्रेम सिंह भालसी समेत बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इधर, इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने कहा कि पानीपत के गांव निजामपुर में किसान बिजेंद्र को बिल्डर कम्पनी के करिंदों द्वारा जिंदा जलाने की घटना ने मानवता को झकझोर कर रख दिया है। वहीं, हरियाणा में कानून-व्यवस्था दिन-प्रतिदिन बेकाबू हो रही है। हरियाणा में क्राइम का ग्राफ बढ़ने से साबित हो गया कि प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं है। आंदोलन में इनेलो नेता कृष्ण भोक्कर, मनोज जौरासी, राजेन्द्र जागलान, नवीन नैन भालसी, शमशेर देशवाल, ओमप्रकाश शेरा, गुलाब खण्डरा, एडवोकेट वैभव देशवाल, साहिल देशवाल, मालपुर किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनू मालपुरिया, रामकुमार नम्बरदार आदि ने भाग लिया।

# दुनिया में बड़ी ताकत बन गया है भारत: कुलदीप

## नायब की कमान में तेजी से तरक्की कर रहा है हरियाणा

- कुलदीप बिश्नोई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की जमकर की सरहाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिन कार्यकर्ताओं ने मेरे साथ कंधे से कंधा मिला कर संघर्ष किया है, उन कार्यकर्ताओं को मैं कभी भूल नहीं सकता। उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कुलदीप बिश्नोई को एक बार फिर से चाहे कितना भी संघर्ष करना पड़े वे करेंगे।

इसलिए कार्यकर्ताओं को चिंता करने की जरूरत नहीं है। वे उनके काम करवाएंगे। उक्त बातें पूर्व सांसद एवं भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने ऊझा रोड के नजदीक अपने पुराने संघर्ष के साथी गुर्जर सभा पानीपत प्रधान कर्ण सिंह पसीना के निवास पर अपने साथियों का हालचाल जानते हुए कही। इस दौरान उन्होने कर्ण सिंह पसीना की सरहाना करते हुए कहा कि संघर्ष के समय जो साथ कर्ण सिंह जैसे साथियों ने दिया है उनकी सात पीढ़ियां भी उनका कर्ज नहीं उतार सकती। कुलदीप बिश्नोई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की जमकर सरहाना करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत व नायब की कमान में हरियाणा तेजी से तरक्की कर रहा है। इस मौके पर महेश थरेजा, नक्षत्र शर्मा, आजाद नम्बरदार, सरपंच पंकज रावल, नरेश ऊझा, इशम सिंह गोयला खुर्द, पार्षद बिट्टू प्रजापति, प्रीतम गुर्जर, गोविन्द वाल्मीकि, जयकरण सैन, रविन्द्र सैनी, मुकेश सैनी, भंवर सिंह, पितांबर रावल, रविन्द्र भलौर, शिवकुमार रावल, कंवरपाल जलालपुर, बिट्टू रावल बापौली, रोहताश आदि उपस्थित रहे।


**पानीपत।** भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई का स्वागत करते गुर्जर सभा जिलाध्यक्ष कर्ण सिंह पसीना, आदि। फोटो :हरिभूमि

# एक मां की तरह बच्चों को शिक्षित करें जेबीटी अध्यापक : रेनु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

निपुण हरियाणा मिशन के तहत एफएलएन पर शिक्षक व्यवसायिक विकास कार्यशाला के प्रथम बैच के पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव पावटी में शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हुए ये शब्द केआरपी रेनु व सुनील मोर ने संयुक्त रूप से कही। उन्होंने कहा कि हर शिक्षक को चाहिए कि बच्चे को शिक्षा देते समय उसकी मातृभाषा का ध्यान रखें, क्योंकि उसके द्वारा बच्चा बहुत ही जल्दी सीखता है। केआरपी हरीश व बबीता ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि बच्चों को पहले मौखिक भाषा के द्वारा सिखाया जाना चाहिए ताकि उसके अंदर आत्मविश्वास, तर्क करने की शक्ति का विकास, सोचने की शक्ति का विकास आदि हो सके। उन्होंने कहा कि जेबीटी अध्यापक, एक मां की तरह होता है जिस तरह से मां अपने बच्चों को प्यार दुलार से सिखाती है उसी तरह से प्राथमिक अध्यापकों को भी बच्चों को पढ़ाना चाहिए। सब अध्यापक एक्टिविटी बेस की पढ़ाई को लागू करके कार्य करें ताकि बच्चे आसानी से सीख सकें। इस अवसर पर को ऑर्डिनेटर बलराज, मोंटी, कृष्ण कुमार, नारायण सिंह, तेजवीर, जोगिंदर, सतीश, सरोज बाला, सीमा, सुरेंद्र राठी, जगबीर सिंह, बबीता रानी, राकेश कुमार, विजेंद्र सिंह, हरिओम, सीमा रानी, बृजमोहन, किशन सिंह, प्रदीप कुमार, सुनील कुमार, सुशील, देवेंद्र, बृजेश, राजपाल, वीरेंद्र सिंह व अन्य शिक्षक भी मौजूद थे।


**पानीपत।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पावटी में शिक्षकों को प्रशिक्षण देते। फोटो :हरिभूमि

# सचिवालय के निर्माण को छह एकड भूमि अलॉट की

- बरसात से पहले अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए
- तहसील कार्यालय की नई बिल्डिंग अगस्त तक तैयार होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

इसराना के एसडीएम नवदीप नैन ने मंगलवार को समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर समस्याओं को जानकारी ली। एसडीएम नैन ने एसडीओ पंचायती राज और एसएचओ इसराना को बरसात से पहले अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए। वहीं नैन ने बताया कि मिनी सेक्रेटेरिएट के लिए ग्राम पंचायत इसराना ने छह एकड़ भूमि उपलब्ध करा दी है। जबकि तहसील कार्यालय की नई बिल्डिंग अगस्त तक तैयार होगी। उन्होंने बताया कि नई अनाज मंडी के पास कट खुलवाने के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी को पत्र भेजा गया है। इससे किसानों को राहत मिलेगी। दूसरी ओर विभिन्न गांवों में जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए बीडीपीओ को निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम नैन ने गुरुद्वारा इसराना साहिब के पास नाले पर हुए अतिक्रमण को हटाने और गंदे पानी की निकासी सुधारने के आदेश दिए गए हैं।

नैन ने दावा किया कि इसराना को जल्द ही एक मॉडल कस्बे के रूप में विकसित किया जाएगा।


एसडीएम इसराना नवदीप नैन।

# योग दिवस भव्य तरीके से मनाया जाएगा


**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक करते हुए डीसी डॉ वीरेंद्र दहिया व अन्य अफसर।

- पानीपत में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी जोरों पर, उपायुक्त ने संबंधी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया के दिशा-निर्देशन में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की जिला भर में तैयारियां चल रही है। इसी को लेकर डीसी डॉ. दहिया की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सचिवालय में योग दिवस कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। डीसी डॉ. दहिया ने बताया कि इस बार एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर इस वर्ष योग दिवस कार्यक्रम किया जाएगा व जिसके अंतर्गत लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के लिए योग प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि योग दिवस के प्रचार-प्रसार के लिए 15 जून को शिवाजी स्टेडियम में प्रातः मैराथन भी आयोजित की जाएगी और 20 जून को फाइनल रिहर्सल शिवाजी स्टेडियम में होगी। उन्होंने संबंधित विभागों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर सभी कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि योग के प्रचार प्रसार को लेकर गांव व वार्डों में योग जागरण यात्रा भी आयोजित होगी।

उन्होंने आमजन से अपील की कि वे योग का हिस्सा बनें और स्वस्थ भारत के मिशन को आगे बढ़ाएं। इस मौके पर जिला परिषद की सीईओ डॉ किरण सिंह, एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप सिंह, निगम की संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी, डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स, डीडीपीओ राजेश शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

## पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए जिला व ब्लॉक स्तर पर एनफोर्समेंट टीमें गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिलाधीश द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार एनसीआर में सभी प्रकार के पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। जिसके प्रभावी कार्यान्यवन के लिए जिला में कमेटी गठित की गई है। जिला के साथ-साथ खण्ड स्तर पर यह कमेटी छापे के दौरान पाए गए सभी अवैध पटाखों को तुरंत जपत करेगी और मौके पर ही उनके विरूद्ध निपटान विस्फोटक नियम में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। नियम 128 और सम्बंधित प्रावधानों के तहत अधिकृत अधिकारी जपती और निपटान की कार्यवाही करेंगे। इसको लेकर आम नागरिक लगाए गए प्रतिबंध के उल्लंघन के सम्बंध में एचएसपीसीबीआरओपीआरऐटदारे टजीमेलडॉटकॉम, टविट्र/एक्स अकांउट एचएसपीसीबी पानीपत क्षेत्र(एचटीटीपीएसः//एक्सडॉटकॉम/एचएसपीसीबीरिजन) और मोबाइल नंबर 7015381240 पर भी व्हाट्सएप कर शिकायत की जा सकती है। इसके साथ-साथ उपायुक्त कार्यालय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी-हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पानीपत और एसडीएम कार्यालयों में भी शिकायत पंजीकृत करवाई जा सकती है। जिला स्तरीय इन्फोर्समेंट टीम की अध्यक्षता उपायुक्त करेंगे, जबकि समन्वयक क्षेत्रीय अधिकारी, एचएसपीसीबी होंगे। इसमें पुलिस, नगर परिषद, अग्निशमन, शिक्षा, उद्योग, कानून, खनन, पीईएसओ, डीआईपीआरओ सहित अन्य अधिकारी शामिल रहेंगे। इसके अलावा प्रत्येक एसडीएम की अध्यक्षता में खंड स्तरीय प्रवर्तन टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों में संबंधित थाना प्रभारी, बीडीपीओ, तहसीलदार, फायर स्टेशन अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, खनन निरीक्षक और एचएसपीसीबी के फील्ड अधिकारी शामिल होंगे। ये टीमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रतिबंध लागू करवाने, जब्ती व जागरूकता की जिम्मेदारी संभालेंगी।

# स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों, हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों व आपातकाल सत्याग्रहियों की मासिक पेंशन में अभूतपूर्व वृद्धि की है। यह पेंशन पहली जुलाई वर्ष 2024 से लागू हो गई है। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान में कई योजनाएं शुरू की हैं। हरियाणा राज्य शुभ्र ज्योत्सना पेंशन योजना दिसम्बर वर्ष 2017 से शुरू की गई थी। इसके तहत लोकतंत्र सेनानियों व उनकी विधवाओं को मासिक पेंशन दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पहली जुलाई, वर्ष 2024 से उनकी मासिक पेंशन 10,000 रुपये से बढकर 20,000 की है। इसके अतिरिक्त, हरियाणा रोडवेज की सामान्य बसों में मुफ्त यात्रा तथा वोल्वो बसों में 75 प्रतिशत किराया माफ किया गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त देने की सुविधा प्रदान की जा रही है। डॉ. दहिया ने बताया कि हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों को दी जाने वाली मासिक पेंशन को भी 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये कर दिया है। जबकि सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों व उनके आश्रितों को दी जाने वाली सम्मान पेंशन की राशि भी 25,000 रुपये से बढ़ाकर 40,000 रुपये कर दी है।

## पक्षी हमारे पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं

# राजस्थानी परिवार ने पक्षियों के दाना-पानी को सकोरा बांटे

- समिति के सदस्यों ने पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रकृति और पक्षियों के संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए राजस्थानी परिवार सेवा समिति द्वारा सकोरा वितरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करना तथा जनमानस में पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस अभियान के अंतर्गत स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों एवं समाजसेवियों को मिट्टी के सकोरे पात्र वितरित किए जाएंगे।

जिनमें वे अपने घरों की छतों, बालकनी या खुले स्थानों पर पक्षियों के लिए जल रख सकेंगे। समिति के प्रधान नरेश आचार्य ने कहा कि पक्षी हमारे पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। गर्मी में उन्हें जल उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है। सकोरा वितरण एक छोटा लेकिन प्रभावशाली कदम है। भीषण गर्मी में पक्षियों को बचाने के चलाए जा रहे पक्षी बचाओ सकोरा वितरण अभियान के तहत पानीपत के सेक्टर 24 स्थित राजगुरु पार्क मे राजस्थानी परिवार सेवा समिति के सान्निध्य में सकोरे बांटे गए। सचिव राजेंद्र खुराना ने बताया कि पानी की प्यास से मर रहे पक्षियों को बचाने के लिए शहर में मिट्टी के सकोरे बांटे जाएंगे। वहीं उप प्रधान पीडी चौधरी ने कहा कि हम सभी को घर की छतों पर मिट्टी के सकोरे रखने चाहिए व उनमें रोजाना पानी डालना चाहिए ताकि प्यास से कोई भी पक्षी मर न सके। उपस्थित लोगों व समिति के सदस्यों ने पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। इस मौके पर बलदेव खुराना, बजरंग सिंह, कैलाश शर्मा, ओम प्रकाश भांबू, मुकेश जोशी, तिलक सपड़ा, लक्ष्मण सैनी, अमृत वर्मा मौजूद रहे।


**पानीपत।** राजस्थानी परिवार सेवा समिति के सदस्य सकोरा वितरण अभियान का शुभारंभ करते हुए।

## खबर संक्षेप

### दाखिले के लिए 16 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**शहजादपुर।** महाविद्यालयों में चल रही स्नातक स्तर की दाखिला प्रक्रिया महानिदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देश पर एक सप्ताह के लिए आगे बढ़ा दी गई है। राजकीय महिला महाविद्यालय की प्राचार्या (प्रोफेसर) डॉ. उमेश भारती ने बताया कि कॉलेज में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 9 जून से बढ़ाकर 16 जून कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जो लड़कियां दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने से वंचित रह गई थी वह अब 16 जून तक आवेदन कर सकती हैं। डॉ. उमेश भारती ने कहा कि उनके महाविद्यालय में छात्राओं के लिए मुफ्त में ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है।

### पोक्सो एक्ट की दी जानकारी

**बराड़ा।** लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में /"कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न एवं पोक्सो एक्ट 2013/" विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीएलएड और बीएड के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान एवं सचिव रमेश सांगवान रहे। सहायक प्रोफेसर प्रीति ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पोक्सो एक्ट 2013 के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### मोटरसाइकिल सहित आरोपी काबू

**बराड़ा।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक चोरी की गई मोटरसाइकिल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान गौरव उर्फ बबलू उर्फ छोटू के रूप में हुई। आरोपी को पुलिस ने रात को बाइक के साथ धर दबोचा। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी बिना नंबर प्लेट वाली चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार गांव सीवन माजरा से बराड़ा की ओर आ रहा है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सीवन माजरा रोड स्थित एक ईंट भट्ठे के पास नाकाबंदी कर आरोपी को घेर लिया।

### कुवि कुलसचिव ने किया केयू कुटिक सेंटर का अवलोकन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का टेक्नोलॉजी इंक्यूबेशन सेंटर निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है जहां विद्यार्थी अपने आइडिया की संकल्पना को उत्पाद स्तर पर लाकर नवाचार एवं उद्यमिता की ओर अपने कदम बढ़ा रहे हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का टेक्नोलॉजी इंक्यूबेशन सेंटर का अवलोकन करते हुए कहा कि नवाचार एवं उद्यमिता विकसित भारत का आधार है तथा यह सेंटर भारत के ह्यप्रौद्योगिकी विजन 2035ह्ल के उद्देश्यों को प्राप्त करने की दिशा में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने केन्द्र के विकास के लिए मूल्यवान सुझाव दिए तथा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए इस केन्द्र की गतिविधियों की सराहना की।

नागरिकों को हर साल बरसाती पानी से होता है नुकसान

# 6 करोड़ की लागत से बनने वाले डिस्पोजल प्लांट का निर्माण शुरू

बरसाती सीजन में जलभराव से मिलेगी राहत, पानी निकासी में अहम भूमिका निभाएगा डिस्पोजल प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** डिस्पोजल प्लांट के निर्माण पर रितेश गोयल का अभिनंदन करते सेक्टरवासी।

अंबाला शहर में लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले डिस्पोजल प्लांट का निर्माण कार्य मंगलवार को शुरू कर दिया गया। पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि एवं भाजपा विधानसभा संयोजक रितेश गोयल ने विधिवत रूप से इस कार्य का शुभारंभ किया। निर्माण कार्य की शुरुआत के मौके पर वार्ड 16 के निगम सदस्य हितेश जैन, वार्ड 19 के सदस्य राकेश सिंगला और भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरविंदर मानकपुर भी मौजूद रहे।

यह डिस्पोजल प्लांट मॉनसून से पहले शहर के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात माना जा रहा है। इस डिस्पोजल प्लांट के निर्माण से सेक्टर 9 और 10 सहित आसपास के बड़े क्षेत्रों में बारिश के दौरान जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल का धन्यवाद करते हुए इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया। बरसात के दौरान होने वाली जलभराव की समस्या से निपटने की दिशा में यह डिस्पोजल प्लांट एक अहम कदम है।

इस मौके पर रितेश गोयल ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि अंबाला को बरसाती पानी से अधिक से अधिक राहत दिलाई जाए और शहर से जलभराव की समस्या को जड़ से खत्म किया जाए। यह प्रोजेक्ट सेक्टर 9, 10 और आसपास के इलाकों में पानी निकासी की समस्या को हमेशा के लिए खत्म करने में बड़ा कारगर साबित होगा। उन्होंने बताया कि असीम गोयल ने मंत्री रहते हुए इस प्रोजेक्ट को लेकर कार्य शुरू कर दिया था। इलाके की जरूरत को समझते हुए इसे पास करवाया था। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों व निर्माण करने वाली कंपनी को भी गुणवत्ता और काम को तेजी से पूरा करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान दुर्गा नगर मंडल के महामंत्री संजीव गोयल, मुकेश एबट,रमिंदर गोयल, दीपक कपूर, आरपी शर्मा, अमरदीप सिंगला, हिमांशु कालड़ा, सूरज प्रकाश, धर्मपाल दहिया, गौरव घई व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में छात्राओं को नशे के विरुद्ध किया जागरूक

- हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्युरो की यूनिट ने जागरूकता कार्यक्रम मे शामिल अध्यापकों, विधयार्थियों और आईटीआई के अन्य स्टाफ को नशा न करने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** नशे के खिलाफ छात्राओं को जागरुक करते पुलिस अधिकारी।

समाज को नशा दीमक की तरह खाली कर रहा है। हमारी युवा पीढ़ी नशे से ग्रस्त हो चुकी है। नशा हमारे गांवों, गलियों और घरों तक पहुंच चुका है। नशा एक सामाजिक कुरीति है। हम सभी को मिलकर इसे खत्म करना है। राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार व नारकोटिक्स विभाग दृढ़ संकल्पित और निरंतर प्रयासरत है। एनसीबी की ओर से नशे के खिलाफ प्रदेश की जनता को निरंतर जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में ब्यूरो की यूनिट द्वारा जिले के गवर्नमेंट महिला आईटीआई अंबाला शहर में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। यूनिट के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर फूल कुमार ने संस्थान के प्रिंसिपल गुरचरण शर्मा के साथ मिलकर कार्यक्रम मे शामिल विधयार्थियों, अध्यापकों और अन्य स्टाफ को नशे के दुष्परिणाम के बारे मे विस्तृत रूप से बताया और नशा नहीं करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा की नशा सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद कर देता है। इसकी लत व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित करती है। युवा पीढ़ी नशे के प्रति समाज की सबसे संवेदनशील कड़ी है। हम सब को मिलकर इस पीढ़ी को बचना है। नशे के खिलाफ महिलाएं भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती हैं। एक शिक्षित और जागरूक महिला समाज मे बहुत बड़े परिवर्तन ला सकती है। हमें नशे जैसी चीज को शौक के रूप में भी प्रयोग नहीं करना चाहिए। हमें जितना हो सके इससे दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा की विभाग नमक लोटा अभियान, साइकलोथोन मुहिम,"नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन – बेकैट चैलेंज" और अन्य पहलों के जरिए समाज के सभी वर्गों को इन पहलों मे शामिल होकर नशे के प्रति इस युद्ध मे अपना योगदान देने के लिए प्रेरित कर रही है। समाज से नशे को समाप्त करना एक लंबी और सामूहिक प्रक्रिया है, जिसमें सरकार, परिवार, शिक्षा संस्थाएं, मीडिया, और आम नागरिकों की भागीदारी अनिवार्य है। अंत में उन्होंने नशे संबंधित कोई भी सूचना टोल फ्री नंबर 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल के साथ मोबाइल फोन 90508-91508 - 9416937786 पर देने की अपील की है।

### अतिरिक्त चार्ज को लेकर ओमेक्स ग्रींस के बशिंदों ने प्रबंधन के खिलाफ खोला मोर्चा

**अंबाला।** सीमा से सटे ओमेक्स ग्रींस प्रबंधन के खिलाफ यहां रहने वाले लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। इसी वजह से रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के यहां रहने वाले लोगों ने ओमेकस प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यह प्रदर्शन कंपनी की ओर से शुल्क बढ़ाने पर किया गया। यहां के निवासियों ने नारेबाजी करते हुए प्रबंधन पर कई तरह के आरोप लगाए। धरने के दौरान फैसिलिटी प्लस के एजीएम अभय तिवारी स्वयं मौके पर पहुंचे। निवासियों ने अपनी शिकायतों को लेकर उनसे सवाल भी किए। इसमें स्टेशनरी पर एक लाख किस तरह खर्च हुए, बैंक चार्ज के नाम पर 70 हजार किस आधार पर लिए, कर्मचारियों के लाभ के नाम पर 20 हजार का क्या विवरण है, हर दो महीने में 50 हजार की रखरखाव में बढ़ोतरी क्यों की जा रही है, सवाल शामिल रहे। लोगों ने एजीएम से कहा कि जब तक सही ऑडिटेड आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए जाते, तब तक कोई भी अतिरिक्त चार्ज स्वीकार्य नहीं होगा। अंत में एसोसिएशन महासचिव केसी कटोच, अध्यक्ष एसबी सिंह ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# डीएवी कॉलेज में शुरू होगी बीसीए

- 920 सीटों के मुकाबले अभी तक आए आधे आवेदन, कई कोर्स की सीटें खाली रहने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में विभिन्न कोर्सों में दाखिले कीप प्रक्रिया चल रही है। हालांकि इस शैक्षणिक सत्र में सात कोर्स की 920 सीट पर दाखिला होगा। अब तक 454 आवेदन आ चुके हैं। कॉलेज में 2017 में बंद हुआ बीसीए कोर्स भी अगले शैक्षणिक वर्ष में शुरू होगा। इस कोर्स के शुरू करने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने मंजूरी दे दी है। अब कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी की टीम की ओर से कॉलेज में निरीक्षण किया जाएगा। कॉलेज में बीएससी लाइफ साइंस एडिड और बीए में रुझान देखने को मिल रहा है।

| कोर्स | सीट | आवेदन |
|---|---|---|
| बीए | 320 | 177 |
| बीकॉम एडिड | 240 | 102 |
| बीकॉम कंप्यूटर एप्लीकेशन | 50 | 33 |
| फैशन डिजाइनिंग | 30 | 18 |
| बीएससी लाइफ साइंस एडिड | 60 | 60 |
| बीएससी लाइफ साइंस सेल्फ फाइनांस | 20 | 15 |
| बीएससी फिजिकल साइंस | 200 | 49 |

**ऑनलाइन हो रहे हैं आवेदन**

सभी कॉलेजों में पहुंच रहे आवेदन को स्टाफ की ओर से ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है। अगर किसी अभ्यर्थी के फार्म में कोई आपत्ति होती है तो उसे ऑनलाइन ही ठीक करने के लिए कहा जा रहा है। यह मैसेज अभ्यर्थी के मोबाइल पर पहुंच रहे हैं। आवेदन के बाद कॉलेजों में पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने बताया कि कॉलेज में ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी पहुंच रहे हैं। बीए, बीकॉम जैसे परंपरागत कोर्स के साथ ही बीएससी कोर्स में भी विद्यार्थी रुझान दिखा रहे हैं। अगले शैक्षणिक वर्ष से कॉलेज में बीसीए कोर्स भी शुरू होगा। इसके लिए उच्चतर शिक्षा विभाग से मंजूरी मिल गई है।

# सबका कहना मानकर आज्ञाकारी बनें बच्चे

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में चल रहे समर कैंप के दौरान बच्चों को दिए गए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायागढ़


**नारायागढ़।** समर कैंप के समापन पर बच्चों के साथ बीके बहनें व अन्य।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में 8 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए तीन दिवसीय फन समर कैंप का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी बीके हरदीप दीदी ने बच्चों को उनके वास्तविक गुण सुख शांति, प्रेम, आनंद, पवित्रता शक्ति और समझदारी के बारे में डिटेल में बताया। उन्होंने बताया अपने बड़ों माता-पिता दादा दादी तथा टीचर का कहना मानें ताकि उन्हें हर प्रकार की समझ मिल सके। आत्मा के यह सभी गुण आपस में एक दूसरे से संबंधित हैं सबका कहना मानने से आज्ञाकारी बनने से सबका प्यार मिलता है। उन्होंने बच्चों को समझाया की सबसे प्रेमपूर्वक व्यवहार करना है। लड़ाई झगड़ा नहीं करना है जिसके भी हम कार्य में मदद कर सकते हैं। अपने बड़ों की या छोटों की उनके कार्यों में मदद करनी है। इस द्वारा हम उनको सुख दे सकते हैं। फिर उसके बदले में हमें भी सुख मिलेगा और हमें शांति से काम लेना चाहिए। एकदम गुस्से में नहीं आना चाहिए। यदि हम अच्छे बनने की कोशिश करते हैं तो हमें किसी के गलत संगति का रंग भी नहीं लगना चाहिए। संगति भी ठीक करने की शक्ति हमारे अंदर होनी चाहिए इससे हमारा जीवन बहुत आनंदित बन जाता है। इसके बाद बच्चों को सत्य परमपिता परमात्मा का परिचय बच्चों को दिया गया। जो कि जन्म मरण से रहित है निराकार है। जैसा हम सभी आत्माओं का स्वरूप है वैसे परमपिता परमात्मा का स्वरूप है उनका नाम शिव है जिनको सभी देवी देवताओं ने भी शिवलिंग बनाकर पूजा और हमारे पिता परमात्मा ने हम सभी के अंदर बहुत सारे गुण और विशेषताएं भर के भेजा है। सभी विशेषताओं को बढ़ाने की प्रेरणा दीदी ने बच्चों को दी। उन्होंने बताया कि डॉक्टर ,वकील व इंजीनियर टीचर तो सभी बनना चाहते हैं। बन भी जाते हैं लेकिन क्या हमारे अंदर अच्छे संस्कारों को लाने का लक्ष्य है। देवी देवताओं की हम पूजा करते हैं उन समान बनने का लक्ष्य है।

# एसडीएम ने किया दो अनाजमंडियों का मुआयना

- सूरजमुखी खरीद प्रक्रिया का लिया जायजा
- बोले एमएसपी पर फसल की हो रही है खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़


**नारायणगढ़।** एसडीएम शिवजीत भारती मंडी में सूरजमुखी खरीद प्रकिया का जायजा लेते हुए।

एसडीएम शिवजीत भारती ने मंगलवार को अनाज मंडी नारायणगढ़ और शहजादपुर का दौरा कर सूरजमुखी खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने अनाज मण्ड़ी में मौजूद अधिकारियों , किसानों प आढतियों से बातचीत कर खरीद कार्य की प्रगति और व्यवस्था की जानकारी ली। एसडीएम ने मौके पर उपस्थित मार्केट कमेटी तथा खरीद एजेंसी वेयर हाउस तथा हैफेड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि सूरजमुखी की फसल को बेचने में किसानों को कोई परेशानी न आए यह प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान उन्होंने गेट पास, रिकॉर्ड रजिस्टर, तुलाई प्रणाली की भी जांच की। एसडीएम ने किसानों तथा आढतियों से भी फीडबैक लिया और उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन खरीद प्रक्रिया की नियमित निगरानी कर रहा है ताकि किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता न हो। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के सचिव अखिलेश शर्मा ने बताया कि अनाज मंडी में सूरजमुखी की खरीद हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 7280 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर हो रही है। वेयर हाउस द्वारा सूरजमुखी की खरीद की जा रही है। 9 जून तक 1141 क्विंटल सूरजमुखी की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में किसानों की सुविधा के लिए बिजली, पानी, साफ-सफाई, किसान सहायता केंद्र इत्यादि सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है। शहजादपुर मार्केट कमेटी के सचिव अफसर सिंह ने बताया कि मंडी में खरीद एजेंसी हैफेड द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की दर पर खरीद की जा रही है।

# पार्टी के वफादार नेताओं को मिलेगी संगठन की कमान

- आइसीसी के जिला ऑब्जर्वर विजयइंद्र सिंगला ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में संगठन को लेकर भरा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना


**मुलाना।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विजयइंद्र सिंगला।

आईसीसी जिला ऑब्जर्वर व सीडब्ल्यूसी सदस्य विजय इंदर सिंगला ने मंगलवार को साहा स्थित कांग्रेस भवन में संगठन सूजन अभियान के तहत विधानसभा के कांग्रेस कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन बारे चर्चा की। इस मीटिंग के काफी संख्या में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सहित महिलाओं और युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।इस दौरान अंबाला लोकसभा सांसद वरूण चौधरी , मुलाना विधायक पूजा , एचपीसीसी जिला ऑब्जर्वर सचिन कुंडू मुख्य रूप से मौजूद रहे। आईसीसी जिला ऑब्जर्वर विजय इंदर सिंगला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी द्वारा गुजरात मॉडल की तर्ज पर हरियाणा में संगठन सृजन अभियान की शुरुआत की गई है। 11 साल बाद प्रदेश को मिलने वाले नए संगठन में पार्टी के वफादारों को तरजीह दी जाएगी। इसमें 35 साल से लेकर 55 साल तक के कार्यकर्ता आवेदन कर सकते हैं। पार्टी द्वारा केवल उन्हें ही चुना जाएगा जिन्होंने वफादारी के साथ पार्टी के लिए काम किया है। इसलिए संगठन में सच्चे कांग्रेसियों को जगह मिलेगी। सांसद वरुण चौधरी ने कहा कि खुद हमारे नेता राहुल गांधी संगठन बनाने के अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं।


**अंबाला।** मीटिंग के दौरान भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

### मोदी राज में दम तोड़ रहा है आतंकवाद व नक्सलवाद

**अंबाला।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी पूर्व सदस्य विजेंद्र चौहान ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है । यह देश के नागरिकों के लिए स्वर्णिम काल है। ये 11 वर्ष अगर हम कहे की राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहे तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। मोदी सरकार ने इन 11 वर्षों में देश के नागरिकों के जीवन में बदलाव लाने की पूरी कोशिश हुई है। देश ने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं , जिनमें गरीब कल्याण ,महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री जन -धन योजना में करोड़ों गरीब परिवारों को बैंकिंग की मुख्य धारा से जोड़कर उनको आर्थिक शक्तिकरण की एक नई किरण दिखाई। इन 11 वर्षों में देश की जहां अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है ।वही देश की सुरक्षा भी बहुत मजबूत हुई है। अब देश में नक्सलवाद व आतंकवाद दम तोड़ रहा है।

गुदगुदी जंक्शन समूह,अम्बाला द्वारा 'गीत बहार' कार्यक्रम आयोजित

# 'दिल में हो तुम आंखों में तुम' गीत पर मंत्रमुग्ध हुए संगीत प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** कार्यक्रम में आए गायकों को सम्मानित करते हुए पदाधिकारी।

गुदगुदी जंक्शन समूह की ओर से अंबाला क्लब में भव्य संगीतमयी कार्यक्रम 'गीत बहार' आयोजित किया गया। कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में म्यूजिकल ग्रुप 'गाता रहे मेरा दिल' के अंबाला, कुरूक्षेत्र, राजपुरा, पटियाला, लुधियाना और चंडीगढ़ आदि नगरों से आए 15 गायकों ने एक से बढ़कर एक गीत सुनाकर समां बांधा। साथ ही अंबाला पुलिस आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने मधुर धुनें सुनाई। सर्वप्रथम कुरुक्षेत्र से संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ व सभी पदाधिकारियों ने मां सरस्वती पूजा उपरांत दीप प्रज्ज्वलित किया। वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. संजय गौतम ने पदाधिकारियों सहित समूह अध्यक्ष का फूलमाला एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। अंबाला कैंट प्रभारी राकेश आहूजा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रमुख इंद्र परुथी,कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र धीमान और स्टार सिंगर मास्टर बॉबी ने ग्रुप टाइटल सांग 'गाता रहे मेरा दिल'की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात राकेश आहूजा ने 'मेरे दिल ने तड़प के जब नाम तेरा पुकारा' इंद्र परुथी ने 'मधुबन खुशबू देता है' सुरेंद्र धीमान ने 'दिन ढल जाए मगर रात न जाए', गौरव राजपाल ने 'सांसों की जरूरत है जैसे..., मास्टर बॉबी ने 'दिल में हो तुम आंखों में तुम', परमजीत भाटिया ने 'तेरे चेहरे में वो जादू है', इंद्रजीत लांबा ने 'तुमने किसी की जान को जाते हुए देखा है'..., ललित वर्मा ने 'चांद से पर्दा कीजिए', डॉ. राजेंद्र शर्मा नन्यौला ने 'यूं रूठो न हसीना', सुरेश कुमार ने 'ऐसे न मुझे तुम देखो'..., विकास शर्मा ने 'दिल का आलम मैं क्या बताऊं तुझे'..., राजेश सैनी ने 'हर तरफ बस यही अफसाने हैं', विक्रमजीत सिंह तोमर ने 'मुझे तेरी मुहब्बत का सहारा मिल गया होता'... और विश्वजीत राणा ने गा रहा हूं इस महफिल में आप की इनायत है गीतो की प्रस्तुति देकर संगीतप्रेमियों की वाहवाही लूटी। गीतों के दूसरे राउंड में मास्टर बॉबी ने संगीतप्रेमियों की फरमाइश पर अन्य गीत भी सुनाए। पुलिस आर्केस्ट्रा कलाकार गुरविंदर और सिमरन ने की बोर्ड,दलबीर ने ढोलक,विजय कुमार ने इलेक्ट्रिक पैड और दीपक कुमार ने गिटार बजाया। कें अंबाला क्लब के पूर्व प्रधान अरविंद सीकरी, शाहाबाद मारकंडा से कुलवंत शर्मा,अमृत लाल, अमरनाथ कश्यप, महाराजा अग्रसेन सेवा मंडल से असीम अग्रवाल, राकेश गोयल, अरुण गुप्ता, अनिल गुप्ता, संजीव गुप्ता, मयंक गुप्ता, यशु गुप्ता, सुदेश राजपाल, विक्रम शर्मा, दलविंदर सिंह, विजय थापर, अनिल कुमार सैनी, एनके गुप्ता, अजय गोयल, संजय कपूर, देवेंद्र कपूर, अरविंद कौशिक और धूलकोट से राजकुमार सहित बड़ी संख्या में संगीतप्रेमी शामिल रहे।